संपादकीय

# हर लिहाज से यादगार

जिस टूर्नामेंट की शुरुआत बेहद निम्न आशाओं के साथ हुई, उसका दोषमुक्त ढंग से आगे बढ़ना, अनेक रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनना और अभूतपूर्व परिणति के साथ इतिहास का हिस्सा बनना आसान नहीं था।

फीफा वर्ल्ड कप के रविवार को हुए फाइनल मैच को उचित ही आज मौजूद पीढ़ियों की याददाश्त का सबसे बेहतरीन फाइनल मुकाबला बताया गया है। बेशक ये मैच फुटबॉल प्रेमियों को ताउम्र याद रहेगा। दुनिया में बहुत से लोगों को इस बात का संतोष हुआ है कि फुटबॉल इतिहास के बसे महान खिलाड़ियों से एक लियोनेल मेसी के गौरवशाली करियर में अब यह कमी मौजूद नहीं है कि वे कभी वर्ल्ड चैंपियन नहीं बने। इस मैच अर्जेंटीना को विजयी बनाने में उनके योगदान को पीढ़ियां याद रखेंगी। उसी तरह पीढ़ियां यह भी याद रखेंगी कि इस मंजिल तक पहुंचना उनके लिए आखिरी क्षण तो आसान नहीं रहा। बल्कि अंतिम पल तक लोग दिल की बढ़ी धडक़नों के साथ मैच के नतीजे पर नजर टिकाए रहे। बेशक मैच के पहले तकरीबन 70-75 मिनट तक अर्जेंटीना का पलड़ा ए भारी रहा, लेकिन खिताब बचाने के लिए मैदान में उतरी फ्रांस की टीम उसके बाद कहानी पलट दी। फिर जिस तरह उतार-चढ़ाव होता रहा, उसने रोमांच और उत्तेजना का ऐसा अहसास दिया, जो अब लोगों की स्मृति का हिस्सा बन गया है। वैसे यह ही अब ऐसी ही स्मृति का हिस्सा बन चुका है। जिस आयोजन की शुरुआत बेहद निम्न आशाओं के साथ हुई, उसका दोषमुक्त ढंग से आगे बढ़ना, अनेक रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनना और अभूतपूर्व परिणति के साथ इतिहास का हिस्सा बनना आसान नहीं था।

कतर में मानव अधिकारों की कथित खराब स्थिति और यूक्रेन युद्ध से दुनिया में जारी तनाव के माहौल में यह अपेक्षा नहीं था कि यह विश्व कप इस हद तक लोगों का ध्यान खुद पर टिका लेगा। लेकिन ऐसा ही हुआ है। टूर्नामेंट को दौरान कई हैरतअंगेज बातें देखने को मिलीं। क्या करिश्माई बात नहीं है कि जो टीम आखिरकार चैंपियन बनी, उसने शुरुआत कमजोर समझी जाने वाली सऊदी अरब टीम से हारते हुए की थी! और मोरक्को का स्वप्निल प्रदर्शन एक ऐसी गाथा बना, जिसने सारे अफ्रीका को कल्पनाओं को एक अकल्पनीय ऊंचाई तक पहुंचा दिया। आखिरकार विश्व कप यह संदेश दे गया कि फुटबॉल की दुनिया में स्थायी वर्चस्व का खात्मा हो गया है। अब हर विश्व कप टूर्नामेंट में नई कहानियां लिखी जाएंगी।

# कारों पर सभी करों को तर्कसंगत बनाने की जरूरत : आरसी भार्गव



**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष आर सी भार्गव ने सभी प्रकार के कारों पर एक समान कर नहीं लगाये जाने की वकालत करते हुये कहा है कि भारत में विनिर्माण को गति देने और ऑटो उद्योग के तीव्र विकास के लिए यात्री वाहनों पर 50 प्रतिशत कर को तर्कसंगत बनाये जाने की जरूरत है।

भार्गव ने कंपनी के वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत दुनिया में ऐसा देश है जहां सबसे अधिक कर यात्री वाहनों पर है। अभी 28 प्रतिशत जीएसटी और 22 प्रतिशत अधिभार कुल मिलाकर यह 50 प्रतिशत है जबकि ऑटो उद्योग के बल पर विकसित देश बने जर्मनी, जापान और चीन में बहुत कम है। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत कर वाला उद्योग तेजी से विकास नहीं कर सकता है। भारत अभी भी वाहन उद्योग को समाजवादी विचारधारा से देखा जा रहा है और इसको विलासिता की वस्तु की श्रेणी में रखा गया है।

उन्होंने वाहन उद्योग पर सभी तरह के कार को तर्कसंगत बनाये जाने की अपील करते हुये कहा कि पूरी दुनिया की तरह ही भारत में भी वाहनों पर कर लगाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस सदी के पहले 10 वर्षों में 2010 तक वाहनों की मांग में दो अंकों की बढोतरी हुयी थी लेकिन पिछले 12 वर्षों में यह घटकर तीन प्रतिशत पर आ गयी है। उन्होंने कहा कि जब तक ऑटो उद्योग में कराधान अधिक रहेगा तब तक मांग में तीव्र बढोतरी की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

उन्होंने छोटी कारों में कम से कम दो एयरबैग और अन्य सुरक्षा मानकों को लागू किये जाने पर कहा कि यह नियम दुर्घटना रोकने में कितना सफल होता है देखना पड़ेगा लेकिन देश में सडक़ दुर्घटना होने के बहुत से कारण है। सबसे पहले तो भारत में ड्राइविग लाइसेंस बनवाना सबसे सरल है जबकि दुनिया के अधिकांश देशों में यह बहुत कठित प्रक्रिया है। इसके साथ ही वाहनों के फिटनेस के कारण भी दुर्घटना होती है। इसके साथ ही सडक़ और कई अन्य कारण है। उन्होंने कहा कि छोटे और किफायती कारों में सुरक्षा मानकों को अपनाये जाने से अब इसकी कीमतें लगभग यूरोप की कार के बराबर हो गयी है।

गत 18 दिसंबर को जीएसटी परिषद की हुयी बैठक में स्पोर्ट यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) के मानक तय किये गये जिसमें वाहन को एसयूवी के नाम से जाने जाना के साथ ही 1500 सीसी से अधिक क्षमता के इंजन, 4000 मिलीमीटर से अधिक की वाहन की लंबाई और 170 मिलीमीटर ऊंचाई शामिल है। इस श्रेणी के वाहन पर 28 प्रतिशत जीएसटी और 22 प्रतिशत अधिभा लगता है। कुल मिलाकर यह 50 प्रतिशत हो जाता है।

# एयरटेल 5जी प्लस अब इंफाल में होगा लॉन्च



**कोलकाता ।** भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को इंफाल में अपनी अत्याधुनिक 5जी सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। मीडिया के बयान के अनुसार, उपभोक्ता रोल आउट अधिक व्यापक नहीं होने तक, बिना किसी अतिरिक्त लागत के 5जी प्लस नेटवर्क का हाई स्पीड के साथ आनंद ले सकते हैं।फिलहाल, अकम्पैट क्षेत्र, युद्ध कब्रिस्तान, देवलालैंड क्षेत्र, ताकीलपत क्षेत्र, रिम्स इम्फाल क्षेत्र, नया सचिवालय, बाबूपारा क्षेत्र, नगरम, घड़ी, उरीपोक, सागोलबंद सहित कुछ अन्य चुनिंदा स्थानों पर एयरटेल अपने नेटवर्क का विस्तार करेगा और शहर भर के उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

असम और पूर्वोत्तर भारती एयरटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश वर्मा ने कहा, मैं इंफाल में एयरटेल 5जी प्लस के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित हूं। एयरटेल ग्राहक अब अल्ट्राफास्ट नेटवर्क का अनुभव कर सकते हैं और वह 4जी की तुलना में 5जी प्लस नेटवर्क के माध्यम से 20-30 गुना तेज गति का आनंद ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इससे भारत को आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि एयरटेल 5जी प्लस शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, कृषि और गतिशीलता में क्रांति लाएगा। वर्मा ने कहा कि पिछले एक साल में, एयरटेल ने 5जी की शक्ति का प्रदर्शन किया है। इससे, जीवन जीने और व्यापार करने के तरीके बदल जाएंगे। भारत का पहला निजी 5त्र नेटवर्क विनिर्माण उत्पादकता को बढ़ावा देते हुए एयरटेल 5जी नवाचार में सबसे आगे रहा है।

## डेल्हीवरी करेगी एल्गोरिद्म टेक का अधिग्रहण



**मुंबई।** लॉजिस्टिक कंपनी डेल्हीवरी ने इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए पुणे स्थित आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता 'एल्गोरिद्म टेक' का अधिग्रहण करने की घोषणा की।डेल्हीवरी लिमिटेड ने इस सौदे के आकार का खुलासा न करते हुए कहा कि एल्गोरिद्म टेक लेनदेन पूरा होने के बाद उसकी पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई के रूप में काम करेगी। लेनदेन के अगले महीने तक पूरा होने की उम्मीद है।

वर्ष 2003 में स्थापित एल्गोरिद्म टेक ग्राहकों को विभिन्न क्षेत्रों, मसलन रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं (एफएमसीजी), दवा, इस्पात, वाहन और दूरसंचार के लिए सभी आपूर्ति श्रृंखला समाधान एवं निष्पादन उत्पाद उपलब्ध कराती है।कंपनी ने कहा कि डेल्हीवरी की आपूर्ति श्रृंखला समाधान व्यवसाय में इसके भंडारण, परिवहन संचालन, बुनियादी ढांचा, नेटवर्क और प्रौद्योगिकी शामिल है, जो इसे व्यापक तथा एकीकृत लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाती है।

## जून तक राज्यों का 17,176 करोड़ रुपए का जीएसटी मुआवजा था बाकी : सरकार



**नईदिल्ली ।** सरकार ने संसद में कहा कि जून 2022 तक राज्यों का 17,176 करोड़ रुपये का जीएसटी (माल एवं सेवा कर) मुआवजा लंबित था। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र पांच साल के लिए राज्यों को जीएसटी मुआवजा दे रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान जब कोई जीएसटी नहीं एकत्र किया गया था, केंद्र सरकार ने 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमश: 1.1 लाख करोड़ रुपये और 1.59 लाख करोड़ रुपये का ऋण लेकर राज्यों को मुआवजा दिया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र ने कुछ हद तक जून तक के सारे बकाए का भुगतान कर दिया है और लगभग 17,000 करोड़ रुपये लंबित हैं। उन्होंने कहा कि जून 2022 तक तमिलनाडु का बकाया केवल 1200 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि अगर किसी राज्य से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ तो संबंधित राशि को लंबित नहीं माना जा सकता है। सीतारमण ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि 2022-23 में शिक्षा क्षेत्र को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक कोष प्राप्त हुआ है, और इस क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने कहा, ' वित्त आयोग ने स्थानीय निकायों को सीधे धन देने को कहा है। हमने वह दिया है। मुख्यमंत्री के रूप में अपने अनुभव को देखते हुए प्रधानमंत्री 14वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आसानी से सहमत हुए। उसके तहत स्थानीय निकायों को सीधे पैसा दिया जा रहा है।'

उन्होंने कहा कि सभी उपकर एक विशेष मकसद के लिए एकत्र किए जा रहे हैं। वह विशेष मकसद स्पष्ट रूप से राज्यों के जरिए ही पूरा किया जा रहा है। निस्संदेह उपकर केंद्र द्वारा एकत्र किए जा रहे हैं लेकिन केंद्र उन्हें अपने पास नहीं रखता है और इसे केवल राज्यों के माध्यम से ही खर्च किया जाता है।

# राहुल द्रविड से वापस लिया जाएगा हेड कोच का पद! बीसीसीआई की मीटिंग में नए कप्तान पर भी फैसला संभव



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई की आज एपेक्स काउंसिल की मीटिंग होगी। इस मीटिंग में कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि रोहित शर्मा को टी20 कप्तान के पद से रिलीज किया जा सकता है, जबकि राहुल द्रविड़ के कोचिंग करियर पर भी खतरा है। हालांकि, ये सिर्फ शॉर्टर फॉर्मेट के लिए होगा, जहां भारत को टी20आई टीम के लिए अलग कोच और कप्तान मिल सकता है।

बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल की मीटिंग में इस बात पर चर्चा होगी कि टी20आई टीम को अलग कप्तान और कोच मिलना चाहिए, क्योंकि इस समय स्प्लिट कोचिंग और कैप्टेंसी काम कर सकती है। इसके पीछे की वजह ये है कि कई कोच ऐसे हैं, जो सिर्फ टी20 क्रिकेट में कोचिंग देते हैं और उनका नजरिया इस फॉर्मेट के लिए अलग है। भारत को अगली सीरीज टी20 फॉर्मेट में खेलनी है और वहां नया कप्तान देखने को मिल सकता है।

अगर मीटिंग में नए कप्तान और कोच को लेकर बात बनती है तो फिर हार्दिक पांड्या जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से फुल टाइम टी20आई कैप्टन हो सकते हैं। हालांकि, कोच का ऐलान देरी से किया जाएगा, क्योंकि अभी क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी का भी ऐलान होना है, जिनकी सलाह पर ही बीसीसीआई चयन समिति और कोचिंग स्टाफ को फाइनल कर सकती है।

मीटिंग में एक और बड़ा मुद्दा भारतीय खिलाडिय़ों के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को फाइनल करना भी होगा। अजिंक्य रहाणे और ईशांत शर्मा जैसे खिलाडिय़ों को रिलीज किए जाने की संभावना है, जबकि शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाडिय़ों को प्रमोशन मिल सकता है। बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड कप 2022 की समीक्षा भी कर सकती है और वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों पर भी चर्चा करने वाली है।

## फीफा विश्व कप : अर्जेंटीना प्रेस ने की लयोनेल मेसी व राष्ट्रीय टीम की प्रशंसा



**ब्यूनस आयर्स ।** अर्जेंटीना के मीडिया ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस पर शानदार पेनल्टी शूट-आउट जीत के बाद लियोनेल मेसी और राष्ट्रीय टीम की प्रशंसा की। ऑनलाइन स्पोर्ट्स आउटलेट ओले ने कहा, एक-दूसरे के साथ मिलकर जश्न मनाओ। हम इतिहास के सबसे रोमांचक फाइनल के बाद विश्व चैंपियन हैं।

उन्होंने कहा, बाद में यह विश्लेषण करने का समय होगा कि हमें इतना कष्ट क्यों उठाना पड़ा। लेकिन अब इससे क्या फर्क पड़ता है? कतर से ला च्यािका तक। उत्तर से दक्षिण तक सभी लोग मेस्सी को जीतना चाहते थे, जो लोग 36 साल के इंतजार (अर्जेंटीना की आखिरी विश्व कप जीत के बाद से) को खत्म करने का सपना देखते थे, उन्हें अब और इंतजार करने की जरूरत नहीं है।

ओले ने कहा कि कतर में अर्जेंटीना के प्रशंसकों के बीच एक बार-बार दोहराया जाने वाला मंत्र, जिसमें लाइन शामिल है, हम चैंपियन होंगे, जैसे हम '86 में थे। अब हम चैंपियन बन गए हैं।

अर्जेंटीना के तीसरे विश्व कप खिताब को मेसी के करियर का सबसे बड़ा बताया।

मेसी की टीम ने इतिहास में सर्वश्रेष्ठ फाइनल जीता और फुटबॉल के दिग्गजों की लिस्ट में जगह बनाई।

इसमें कहा गया है, तीन बार के चैंपियन अर्जेंटीना के लिए उत्साह है, देश के कोने-कोने तक पहुंचने वाले लोगों में उत्साह का सागर था।

ला नैसियन के हैनिबल ग्रीको ने मेसी के तेज फॉरवर्ड से एक अनुभवी आक्रमणकारी प्लेमेकर में परिवर्तन का विश्लेषण किया।

ग्रीको ने अर्जेंटीना के सहायक कोच पाब्लो आइमर के एक उदाहरण का भी हवाला दिया, जिन्होंने कहा है कि मेसी 35 साल की उम्र में भी सुधार कराया।

आइमर के हवाले से कहा गया, मेसी का सबसे अच्छा और नया रूप है, जो कि सबसे बेहतर है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आप चल रही समस्याओं का समाधान पाने में सफल रहेंगे। भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। मौज मस्ती में भी समय व्यतीत होगा। विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए पुरस्कार भी प्राप्त हो सकता है।

***वृष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। मानसिक सुख शांति का अनुभव होगा। पठन-पाठन, कथा-लेखन में रुचि बनेगी। उचित कार्य समय पर पूरे हो जाने से मन प्रसन्न रहेगा। मन में चल रही किसी प्रकार की ऊहापोह समाप्त होगी।

***मिथुन :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। दिनचर्या में कुछ नयापन लाने का प्रयास करेंगे। जिसमें पारिवारिक सदस्यों का भी सहयोग रहेगा। विद्यार्थियों तथा युवाओं की प्रतियोगी अथवा विभागीय परीक्षा संबंधी परिणाम उनके पक्ष में आएंगे।

***कर्क :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप किसी महत्वपूर्ण कार्य को विशेष तरीके से संपादित करने में सक्षम रहेंगे। आपका मान-सम्मान और यश-कीर्ति का ग्राफ भी ऊपर की ओर चढ़ेगा।

***सिंह :*** आज आपका दिन खुशी भरा होगा। आप मनमौजी स्वभाव से लुफ्त उठाएंगे। रिश्तों को और अधिक मजबूत करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। प्यार और स्नेह के बल पर आप सफल भी रहेंगे। यात्रा योग प्रबल है। स्वास्थ्य लाभ होगा।

***कन्या :*** आज आपके लिए दिन परिश्रम युक्त होगा। दिन भर अत्यधिक व्यस्तता बनी रहेगी। आपको स्वयं के लिए वक्त नहीं मिल पाएगा परंतु आप इस स्थिति का आनंद उठाएंगे। धन संबंधी योजनाएं सफल होंगी।

***तुला :*** आज आपका दिन व्यस्त रहेगा। हल्की थकान महसूस करोगे। सामाजिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी और रिश्ते भी मजबूत होंगे। कोई पुराना विवाद हल होगा। दौड़-धूप बनी रहेगी परंतु उसके परिणाम भी शानदार हासिल होंगे।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात होगी। किसी पुरानी गलतफहमी का भी निराकरण होगा। आर्थिक पक्ष भी उत्तम बना रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही चिंताओं से राहत मिलेगी।

***धनु :*** आज आप अपनी आंतरिक शक्तियों को महसूस करेंगे। जिससे आपकी मानसिक स्थिति बहुत ही सकारात्मक रहेगी। लोग भी आपकी प्रतिभा के कायल हो जाएंगे। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। किसी प्रियजन का घर में आगमन सभी लोगों को खुशी प्रदान करेगा।

***मकर :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। संतान की समस्याओं संबंधित कार्यों में अधिक समय व्यतीत होगा। आप अपनी फिटनेस पर भी ध्यान देंगे। आप में हिम्मत आत्मविश्वास और आशा का संचार रहेगा।

***कुंभ :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। अधिकतर समय आध्यात्मिक धार्मिक गतिविधियों में व्यतीत होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद व स्नेह पाकर आप प्रगति पथ पर आगे बढ़ेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

***मीन :*** आज भाग्य का सितारा बुलंद रहेगा। कल्पनाओं की दुनिया से निकलकर यथार्थ के धरातल पर आएं। आपका सकारात्मक रवैया आपके व्यक्तित्व को निखारेगा तथा आपको राजनैतिक व सामाजिक रूप से सम्मानित भी करेगा। आपकी प्रतिभा व योग्यता सबके सामने आएगी।

# अजय देवगन ने खतरनाक लुक के साथ किया भोला की रिलीज डेट का ऐलान




बॉलीवुड सुपरस्टार, डायरेक्टर और फिल्म मेकर अजय देवगन एक बार फिर लोगों का दिल जीतने की तैयारी कर चुके हैं। वह अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण, क्रेज़ी, धमाकेदार फिल्म, भोला के फर्स्ट लुक को लेकर सुर्खियां बटोर चुके हैं, वहीं अब उन्होंने फिल्म् की रिलीज डेट का का भी खास अंदाज में ऐलान किया है।

फिल्म, भोला की रिलीज को लेकर अजय देवगन के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इसलिए अजय देवगन ने भी धमाकेदार स्टाइल में फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने फिल्म से अपने 4 नए पोस्टर रिलीज करके बताया है कि फिल्म 30 मार्च को रिलीज होने वाली है।

अजय देवगन ने पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा है, एक चट्टान, सौ शैतान और इसके साथ उन्होंने लिखा है, इस कलयुग में आ रहा है प्त भोला 30 मार्च 2023 को। ये कैप्शन बताता है कि यह एड्रेनालाईन धमाका मेगा पेशकश क्या है। आपको बता दें कि यह फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है जो निडर है। वह निडर है क्योंकि वह ड्रग-माफिय़ाओ, भ्रष्ट फोर्सेज और अपने 24 घंटे के मुश्किल सफर में आने वाले कई आघातों का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

## कुत्ते के नए पोस्टर में ज्यादा खूंखार दिखे एक्टर, असली कुत्तों ने भी दिए पोज




बॉलीवुड की आगामी मल्टीस्टारर फिल्म कुत्ते अपने नाम को लेकर काफी सुर्खियां में हैं। इसमें अर्जुन कपूर, तब्बू, नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेनशर्मा, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शार्दुल भारद्वाज सहित और भी कई एक्टर नजर आ रहे हैं।

फिल्म का पोस्टर इसके इंटेंस कैरेक्टर्स और दुनिया की एक झलक पेश करता है। इस फिल्म को आसमान भारद्वाज ने बनाया हैं। यह असामान्य, रफ एंड टफ होने के साथ रियल भी है। इससे पहले फिल्म अपने पोस्टर लॉन्च अनाउंसमेंट को लेकर भी काफी हलचल पैदा कर चुकी है, जिसमें निर्माताओं को दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री से समान रूप से जोरदार प्रतिक्रिया मिली थी।

## मिनटों में बनाएं दही भल्ला चाट

**लोग दही भल्ला चाट खाना काफी पसंद करते हैं। इसे मीठी और चटपटी चटनी के साथ तैयार किया जाता है। आइए जानते हैं, इसकी आसान रेसिपी।**



**सामग्री :**

8-10 पापड़ी पुरी, 10 छोटे दही वड़े, 1 कप उबले छोले, 1 कप ठंडा दही फेंटा हुआ, 4-5 चम्मच इमली की चटनी, धनिया की चटनी, स्वादानुसार नमक, 1 टी स्पून मिर्च पाउडर, 1 टी स्पून जीरा पाउडर

**विधि :**

- सबसे पहले पूरियों को सर्विंग प्लेट पर रखें, अब वड़ों को पूरियों के ऊपर रखें।

-दही से ढक दें, इसमें आलू, अनार और मटर डालें। धनिया और इमली की चटनी डालें।

- फिर नमक, मिर्च पाउडर और जीरा पाउडर छिड़कें।

- अब धनिया पत्ती से गार्निश कर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 288

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 287 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू- 288

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग हैं,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**सू-दोकू क्र.287 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |